दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-123 जुलाई-अगस्त, 2018 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



दिल्ली पुलिस को देश के अग्रणी पुलिस बल में से एक होने के नाते अन्य पुलिस बलों के समक्ष आदर्श पुलिस का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। युवाओं को अपनी कार्यशैली में शामिल करें और जनता के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाएँ :

–केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह

दिल्ली पुलिस द्वारा राष्ट्र को समर्पित देश का पहला सम्पूर्ण महिला कमांडो दस्ता (SWAT) 'एंटी टेरर' के लिए मील का पत्थर साबित होगा: श्री अमूल्य पटनायक



पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने अपना पहला महिला कमांडो दस्ता (SWAT) जनता की सेवा में समर्पित किया है। जैसा कि आप जानते है 26 नवम्बर, 2008 को मुबंई हमले के बाद देश के सभी राज्यों में विशेष आतंकवाद निरोधी दस्ते के गठन पर गंभीरता से विचार हुआ। दिल्ली पुलिस ने इस दस्ते की जरूरत और अहमियत को समझा और उस पर काम शुरू किया। इस दिशा में दिल्ली पुलिस के पांच कमांडो दस्ते दिल्ली के महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किये गए। इसी मुहिम में महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत दिल्ली पुलिस ने एक सम्पूर्ण महिला कमांडो दस्ता तैयार किया है। भारत सरकार द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों की सुरक्षा और उनकी दिल्ली में भागीदारी की मंशा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने विशेषतौर पर पूर्वोत्तर राज्यों से महिलाओं की भर्ती पर जोर दिया गया। चयनित हुई महिलाओं में से 36 महिलाओं को विशेषतौर पर 15 महीने के कठोर प्रशिक्षण के बाद एनएसजी से भी विशेष प्रशिक्षण दिलाया गया। देश का पहला या यह कहें कि विश्व का यह ऐसा पहला महिला कमांडो दस्ता है जो एमपी–5,सेमी मशीनगन व ग्लॉक 21 जैसे अत्याधुनिक हथियार चलाने, बम निष्क्रिय करने व बिना हथियार के लड़ाई लड़ने में भी पारंगत है। दिल्ली पुलिस के लिए बहुत गर्व की बात है कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इस महिला कमांडो दस्ते ने लाल किले की सुरक्षा व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई। 10 अगस्त, 2018 को जब माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह दिल्ली कैंट थाना बिल्डिंग के उद्घाटन के लिए आए थे तो उस समय इस महिला कमांडो दस्ते ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया था, जिससे माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री भी काफी प्रभावित हुए थे।

इसी कार्यक्रम में **माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह** ने महिला कमांडो दस्ते को राजधानी के नागरिकों की सेवा में समर्पित करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस के इस कदम से पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों में दिल्ली के प्रति विशेषकर, दिल्ली पुलिस के प्रति लगाव महसूस होगा और दिल्ली पुलिस की ख्याति का प्रसार भी होगा। उन्होंने हमें यह भी आगाह किया कि पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि जनता के मन में पुलिस के प्रति अच्छे भाव उत्पन्न हो और जनता आगे बढ़कर आपको सहयोग करे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्य नहीं करना चाहिए बल्कि कानूनसम्मत कार्यवाही अमल में लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ने से आपकी कार्यक्षमता में जो इजाफा हुआ है उसे नागरिकों की सुरक्षा और सुचारू यातायात संचालन में अधिकतम उपयोग करें। हमें उनके द्वारा कही गई बातों पर अनुसरण करना होगा।

5 जुलाई 2018 को 'साइबर सेफ्टी एंड डिजिटल अवेयरनेस' से जुडे एक कार्यक्रम में **केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री गंगाराम हंसराज अहीर** ने अपने सम्बोधन में कहा था कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साइबर सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है और विदेशी धरती से भारत में साइबर अपराध का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उससे निपटने के लिए हमारी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित और जागरूक रहने की जरूरत है। इस संबंध में मैं, कहना चाहूंगा कि साइबर अपराध के बारे में जहाँ नागरिकों को जागरूक होना चाहिए वहीं हरेक पुलिस अधिकारी एवं कर्मी को भी साइबर अपराध से निपटने, उसकी रोकथाम करने और उसके बारे में जागरूक रहने की ज्यादा जरूरत है। साथ ही इस चुनौती से निपटने के लिए साबइर अपराध के बारे में तकनीकी तौर पर गहन जानकारी होना बहुत जरूरी है।

17 अगस्त, 2018 को माननीय पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की अंतिम यात्रा के दौरान किये गये चाक–चौबंद सुरक्षा प्रबंधों के लिए मैं आपको शाबाशी देना चाहूँगा। 16 अगस्त की शाम को एम्स प्रशासन ने जब पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी जी की मृत्यु के समाचार की घोषणा की, उसी समय से देश के विभिन्न राज्यों से तथा दिल्ली के भिन्न भिन्न इलाकों से उनके चाहने वाले आना शुरू हो गये थे। अगले दिन सुबह तक अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए लाखों की संख्या में प्रशंसक दिल्ली में एकत्रित हो गये थे। अंतिम यात्रा उनके सरकारी निवास कृष्णा मेनन मार्ग से शुरू होकर दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय कार्यालय पहुंची और वहाँ से अंतिम दर्शन के बाद जब यात्रा राष्ट्रीय स्मृति स्थल की तरफ चली तो उसमें कई गणमान्य व्यक्ति पैदल साथ–साथ चल रहे थे। ऐसी स्थिति में चाक–चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना मेरे विचार से हाल के वर्षों में अचानक आई सबसे बड़ी चुनौती थी। परन्तु आप सबने पूर्व की भांति इस चुनौती का अपनी कड़ी मेहनत और सूझबूझ के साथ सफलतापूर्वक निर्वहन किया, इसका वर्षो तक स्मरण किया जाएगा।

इसके अलावा, 72वें स्वतंत्रता दिवस, कांवड यात्रा और ईद पर्व के मौके पर किये गये सफल सुरक्षा प्रबंधों के लिए मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई देता हूँ। राष्ट्रीय एवं धार्मिक पर्वो पर होने वाले सुरक्षा प्रबंध हर वर्ष और अधिक चुनौतीपूर्ण और जटिल हो जाते हैं। परन्तु यह आप सबकी कर्तव्य के प्रति निष्ठा और दृढ़ता का ही परिणाम है कि आप हर चुनौती से सफलता पूर्वक निपटते हैं। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर वीरता, विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एंव कर्मियों को शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि जहाँ एक ओर सम्मानित होने वाले सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मी ओर अधिक उत्साह व जोश से अपने कर्तव्य को अंजाम देंगे वहीं अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मी भी प्रेरणा लेंगे। इसके साथ ही मैं पिछले दिनों बारी से पहले तरक्की पाने वाले पुलिसकर्मियों, सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स व बेहतरीन तफ्तीश के लिए सम्मानित होने वाली पुलिस टीमों के सदस्यों को भी बधाई देता हूँ और आपके कामकाज की सराहना करता हूँ।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा उपायुक्त पुलिस दक्षिण–पश्चिमी जिला कार्यालय, दिल्ली कैंट थाना और पुलिस कॉलोनी के नए भवनों का उद्घाटन

10 अगस्त, 2018 को **केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह** ने उपायुक्त पुलिस दक्षिण–पश्चिमी जिला कार्यालय, दिल्ली कैंट थाना और पुलिस कॉलोनी के नए भवनों का उद्घाटन किया। इस मौके पर **उपराज्यपाल श्री अनिल बैज़ल, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री एम.एम. ओबराय, श्री टी.एस. लूथरा** सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, कर्मी एवं इलाके के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर अपने सम्बोधन में **माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह** ने कहा कि अपने पुलिस व जनता के बीच के संबंधों में और अधिक सामंजस्य, विश्वसनीयता और गर्माहट लायें और परस्पर दोस्ताना व्यवहार को मजबूत बनाएँ। पुलिस का रवैया जनता के प्रति ऐसा हो कि जनता के मन में पुलिस के प्रति अच्छा भाव उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस को देश के अग्रगण्य पुलिस बलों में एक होने के नाते, अन्य बलों के समक्ष एक आदर्श पुलिस की छवि प्रस्तुत करनी होगी। नव–निर्मित भवनों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली कैंट का इलाका बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इस इलाके से विदेशी मेहमान तो गुज़रते ही हैं साथ ही साथ जिले में दिल्ली छावनी होने से यह क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण और संवेदनशील हो जाता है। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को नसीहत देते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों के अतिरिक्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी अपने–अपने क्षेत्र में निकल कर काम करना चाहिए। दिल्ली पुलिस द्वारा तैयार किये गये पहले महिला कमांडो SWAT दस्ते की प्रशंसा करते हुए उन्होंने दिल्ली पुलिस में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए जाने पर बधाई भी दी। महिला SWAT दस्ते द्वारा प्रदर्शित युद्ध कौशल की सराहना करते हुए गृह मंत्री महोदय ने 3139 नए पदों पर भर्ती की स्वीकृति की बात करते हुए पुलिस की अन्य योजनाओं पर भी गंभीरता से सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर **माननीय उप राज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने दिल्ली पुलिस में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि भविष्य में पुलिस विभाग में महिलाओं के प्रतिशत को और ज्यादा बढ़ाये जाने की जरूरत है।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने अपने सम्बोधन में केंद्रीय गृहमंत्री एवं उपराज्यपाल महोदय का दिल्ली पुलिस को समय–समय पर उचित मार्गदर्शन करने और पुलिस की योजनाओं पर सकारात्मक रवैया अपनाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ये सभी नव–निर्मित भवन दिल्ली पुलिस की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक थे। इस इलाके में भारतीय सैन्य अधिकारियों एवं सैनिकों के परिजन रहने की वजह से भी सुरक्षा की दृष्टि से यह क्षेत्र पुलिस के लिए महत्वपूर्ण है। श्री अमूल्य पटनायक ने पूर्वोत्तर राज्यों से विशेष तौर पर भर्ती की गई महिला कमांडो SWAT दस्ते की विशेष तौर पर सराहना की और बताया कि प्रशिक्षित 36 महिला कमांडो का यह दस्ता राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहेगा। हर परिस्थिति का सामना करने में सक्षम इस महिला कमांडो दस्ते पर दिल्ली पुलिस को गर्व है।



समारोह स्थल पर केंद्रीय गृहमंत्री का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त



गार्ड आफॅ ऑनर परेड का निरीक्षक करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह



सम्पूर्ण महिला कमांडो स्वाट दस्ते के शानदार प्रदर्शन के साक्षी बने वरिष्ठ अधिकारीगण



दिल्ली पुलिस व एनएसजी द्वारा प्रशिक्षित महिला कमांडो स्वाट दस्ता एक्शन की मुद्रा में

फोटो : रंजन जोसफ

दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित 'साइबर सेफ्टी एंड डिजिटल अवेयरनेस' कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराध व डिजिटल भुगतान के बारे में बताया गया



कार्यक्रम के दौरान मंच पर आसीन मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

5 जुलाई, 2018 को दिल्ली पुलिस द्वारा सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए **'साइबर सेफ्टी एंड डिजिटल अवेयरनेस'** कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य **अतिथि माननीय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री हंसराज गंगाराम अहीर** के साथ **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल, श्री आर.पी उपाध्याय** तथा **श्री एम.एम. ओबराय** मंच पर आसीन थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में आमंत्रित किये गये सभी 6 परिक्षेत्रों से आए लगभग 2500 वरिष्ठ नागरिक व मीडियाकर्मी उपस्थित थे। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के अधिकारी भी विशेष तौर पर आमंत्रित किये गये थे जिन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित भुगतान के डिजिटल विधियों से अवगत कराया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साइबर सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। प्रगति के पथ पर अग्रसर करने वाली तकनीक का जहां सदुपयोग होता है वहीं असामाजिक तत्वों द्वारा उसके दुरूपयोग की संभावना बड़े पैमाने पर हो जाती है। डिजिटल डाटा चोरी, हैकिंग, फिक्सिंग, क्लोनिंग इत्यादि मुख्य रूप से चुनौतीपूर्ण है। इन सबसे निपटने के लिए हमें जागरूक होने के साथ–साथ निरंतर विकसित हो रही नई तकनीक को भी आत्मसात् करना होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने एक अत्याधुनिक साइबर फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत में विदेशी धरती से भी साइबर अपराध का खतरा लगातार बढ़ रहा है और उससे निपटने के लिए हमारी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित और जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार साइबर अपराधों को ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए एक पोर्टल शुरू करने व सम्पूर्ण देश में पुलिस के साइबर फोरेंसिक प्रशिक्षण की ओर भी कदम उठा रही है। **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने वरिष्ठ नागरिकों को संम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में साइबर सुरक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है और इसके लिए लगभग 1800 अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के साथ दिन–प्रति दिन बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए उन्हें साइबर अपराध के बारे में सचेत करना और ऐसे अपराधों से कैसे बचे के बारे में शिक्षित करना है। पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि बीट ऑफिसर अपने इलाके के वरिष्ठ नागरिकों से मिलेंगे और उन्हें डिजिटल लेन–देन के बारे में जागरूक करेंगे और सेफ सर्फिंग एवं डाउनलोडिंग करने में भी मदद करेंगे। कार्यक्रम में आए कई वरिष्ठ नागरिकों ने साइबर खतरों के बारे में सवाल पूछे जिनके मौके पर मौजूद साइबर एक्सपर्ट्स ने जबाव दिये।



साइबर फोरेंसिक वेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री


साइबर विशेषज्ञों और पुलिस अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री


केंद्रीय गृह राज्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त

निरीह पशु-पक्षियों के लिए भी संवेदनशील रहती है दिल्ली पुलिस



केन्द्रीय मंत्री श्रीमती मेनका गाँधी को पुलिस स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त



पशु-पक्षियों के अधिकारों के प्रति अपने विचार रखते हुए पुलिस आयुक्त

13 जुलाई, 2018 को 17, मदर टेरेसा क्रीसेंट स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में पशु–पक्षियों के अधिकारों की सुरक्षा और सम्मान के संदर्भ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार श्रीमती मेनका गांधी मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुई और उन्होंने पशु–पक्षियों के अधिकारों की सुरक्षा के बारे में दिल्ली पुलिस की भूमिका के बारे में अपने विचार रखे। People for Animals की संस्थापक श्रीमती गांधी ने कहा कि आजकल कुत्तों के काटने की जो शिकायतें हमें मिल रही है उसके पीछे के कारणों पर भी हमें ध्यान देना होगा जैसे कि खुले में मांस का बिकना, छोटे–छोटे होटलों/ढाबों पर खुले में मीट खाकर हड्डियों को इधर–उधर फेंक देना, पन्नियों में मांस/मीट को ले जाना। इन सब बातों से इलाके के कुत्ते हिंसक हो जाते हैं और लोगों को काटने का प्रयास करते है। **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने **माननीय कैबिनेट मंत्री श्रीमती मेनका गाँधी** की संस्था People For Animals द्वारा निरीह पशु व पक्षियों के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस इस संबंध में और ज्यादा संवेदनशील तरीके से काम करते हुए पशु व पक्षियों के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में तत्पर रहेगी। कार्यक्रम में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल, श्री आर.पी. उपाध्याय, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश चन्द्र श्रीवास्तव** मंच पर उपस्थित थे। **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय** ने **श्रीमती मेनका गाँधी** का स्वागत किया और कार्यक्रम में उपस्थित पशु–पक्षी प्रेमियों को धन्यवाद दिया।

पुलिस आयुक्त ने किया ख्याला थाने की नई इमारत का उद्घाटन

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 3 जुलाई, 2018 को पश्चिमी जिला इलाके में स्थित ख्याला थाने की नई इमारत का उद्घाटन किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस.कृष्णैया, श्री संदीप गोयल, श्री संजय सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री मधुप तिवारी, श्री देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, श्री अजय चौधरी, उपायुक्त पुलिस श्री विजय कुमार,** जिले के अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मी, इलाके के प्रबुद्ध एवं गणमान्य नागरिक तथा मीडियाकर्मी उपस्थित थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि इस इमारत का निर्माण एवं डिजाइन पुलिसकर्मियों के कल्याण और आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उन्होंने कहा कि थाना ख्याला इलाका में घनी और मिलीजुली आबादी रहती है और यहाँ की समस्याओं को स्थानीय पुलिस व जनता मिलजुल कर सुलझाती रही है जो समाज व पुलिस दोनों के लिए एक सकारात्मक संदेश है। उन्होंने पुनः इस बात पर जोर दिया कि अपराध पर काबू पाने के लिए जनता और पुलिस के बीच भागीदारी बेहद जरूरी है। नई इमारत में लिफ्ट, जल संयंत्र, कॉंफ्रेंस हॉल, रिक्रिएशन रूम व आईओ रूम के साथ–साथ अन्य आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। नई इमारत में खास किस्म में बनाये गये सम्मेलन कक्ष जिसका उपयोग उच्च स्तर से लेकर बीट स्तर के पुलिस अधिकारियो/कर्मियों के बीच इलाके में अपराध नियंत्रण रणनीतियों के लिए किया जाएगा। दिल्ली पुलिस की बीट व्यवस्था पुलिस कामकाज का सबसे महत्वपूर्ण आधार है जिसे हर हालत में मजबूत दिशा प्रदान करने की जरूरत रहती है।



ख्याला थाने की नई बिल्डिंग का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त



ख्याला थाने की नई बिल्डिंग

अप्रैल व मई माह के 6–6 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित


हेड कां. सतपाल समोता (दिल्ली का सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर)


हेड कां. सूरत सिंह


हेड कां. संदीप कुमार

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 1 जुलाई, 2018 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में **अप्रैल माह के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स को सम्मानित किया।** सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स में शामिल हैं:– हैडकां0 सतपाल समोता (थाना नेब सराय–दक्षिणी परिक्षेत्र– अप्रैल माह में दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर), एएसआई सतीश कुमार (थाना कनाट प्लेस–नई दिल्ली परिक्षेत्र), हैडकां0 सुरत सिंह (थाना नारायणा–पश्चिमी परिक्षेत्र), कां0 जंग बहादुर (थाना आदर्श नगर–उत्तरी परिक्षेत्र), कां0 लोकेन्द्र (थाना गांधी नगर– पूर्वी परिक्षेत्र) तथा कां0 संदीप कुमार (थाना बुराड़ी–मध्य परिक्षेत्र)।

24 जुलाई को पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित मई माह के 6 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स में शामिल है : कां0 राजेन्द्र सिंह (थाना गांधी नगर– पूर्वी परिक्षेत्र, मई माह में दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर), हैडकां0 अशोक कुमार (थाना महरौली– दक्षिणी परिक्षेत्र), कां0 सुनील (थाना मंगोल पुरी–पश्चिमी परिक्षेत्र), हैडकां0 भगवान सहाय (थाना सागरपुर–नई दिल्ली जिला), कां0 हवा सिंह (थाना कश्मीरी गेट– मध्य परिक्षेत्र) तथा कां0 मंगल चंद (थाना आदर्श नगर–उत्तरी परिक्षेत्र)।


एएसआई सतीश कुमार


कां. लोकेन्द्र सिंह


कां. जंग बहादुर


कां. राजेन्द्र सिंह (दिल्ली का सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर)


हेड कां. अशोक कुमार


हेड कां. भगवान सहाय


कां. हवा सिंह


कां. सुनील कुमार


कां. मंगल चंद

स्मार्ट पुलिसिंग की तरफ दिल्ली पुलिस की एक और शानदार पहल

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने किया ई–मालखाना प्रोजेक्ट का उद्घाटन

3 अगस्त, 2018 को दक्षिण–पूर्वी जिला के थाना सरिता विहार में आयोजित एक कार्यक्रम में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने एक विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली पुलिस के 13 थानों में **ई–मालखाना** प्रोजक्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी.उपाध्याय, श्री संदीप गोयल, श्री एम.एम. ओबराय, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, श्री मधुप तिवारी, उपायुक्त पुलिस श्री चिन्मय विश्वाल** के अलावा भारी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं दक्षिण–पूर्वी जिला व दक्षिणी जिला के कर्मी उपस्थित थे।



पुलिस आयुक्त को ई-मालखाना प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी श्री हरेश्वर स्वामी



ई-मालखाना मेनुअल बुक लॉच करते हुए पुलिस आयुक्त के साथ अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीण

अत्याधुनिक तकनीक को आत्मसात करते हुए दिल्ली पुलिस अपने पुलिस तंत्र को स्मार्ट पुलिससिंग की तरफ अग्रसर करने के शानदार प्रयास कर रही है। यह उसी व्यवस्था का एक प्रयास है कि दिल्ली पुलिस को तकनीकी तौर पर ज्यादा सक्षम बनाते हुए थानों के मालखाना को **ई–मालखाना** में परिवर्तित किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस श्री हरेश्वर स्वामी ने ई–मालखाना प्रोजक्ट को क्रियान्वित करने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर अपने सम्बोधन में पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि पहले मालखाना का प्रबंधन काफी मुश्किल होता था लेकिन अब ई–मालखाना प्रोजेक्ट ने इसे काफी सरल, सुरक्षित और ज्यादा सटीक बना दिया है। **ई–मालखाना** से अभिप्रायः यह है कि मालखानों में रिकार्ड/केस प्रापर्टी आदि को व्यवस्थित ढंग से रखने के लिए एक सॉफ्टवेयर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। किसी भी केस प्रॉपर्टी की डिटेल साफ्टवेयर के माध्यम से फोटो सहित संग्रहित किया जाता है तथा उसे अच्छी तरह से पैक कर एक खास बार कोड उस बॉक्स में लगा कर उसे एक सुरक्षित अलमारी में रख दिया जाता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यही होगा कि केस प्रॉपर्टी क्षतिग्रस्त नहीं होगी और उसके बारे में डिटेल निकालने या खोजने में बड़ी आसानी होगी। हर केस प्रॉपर्टी को एक यूनिक बार कोड दिया गया है । इस बार कोड को स्कैन करने पर कंप्यूटर की मदद से केस प्रॉपर्टी की पूरी डिटेल तत्काल उपलब्ध हो जाएगी। इस मौके पर संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव एवं उपायुक्त पुलिस श्री चिन्मय विश्वाल ने ई–मालखाना प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।

कई देशों के 17 प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों की पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट

3 जुलाई, 2018 को सरदार वल्लभभाई पटेल, राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद (तेलंगाना) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 17 प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक से शिष्टाचार भेंट की। प्रशिक्षाणार्थियों में महाराष्ट्र, केरल, तेलंगाना, वेस्ट बंगाल, तमिलनाडू व मध्य प्रदेश काडर के आई.पी.एस. प्रशिक्षुओं के अलावा मालद्वीप, नेपाल व भूटान जैसे पड़ोसी राज्यों के प्रशिक्षणार्थी भी शामिल थे। बैठक के दौरान पुलिस आयुक्त के साथ इन प्रशिक्षणार्थियों की राजधानी दिल्ली की कानून–व्यवस्था, प्रशिक्षण, भौगोलिक स्थिति व यातायात व्यवस्था जैसे मुद्दों पर बात हुई। ये प्रशिक्षणार्थी अपने प्रशिक्षण के एक हिस्से के तहत कई राज्यों का भ्रमण करते हुए दिल्ली पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों की कानून–व्यवस्था, व्यावसायिक गतिविधियाँ, संस्कृति और पर्यावरण आदि के बारे में अपनी जानकारी बढ़ाई और इसी क्रम में उन्होंने दिल्ली स्थित लाल किला, कुतुब मीनार, अक्षरधाम मन्दिर व हमायूं का मकबरा जैसे ऐतिहासिक स्थलों का दौरा भी किया।



पुलिस आयुक्त एवं प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों का सामूहिक चित्र

फोटो : रोज़र जोसफ

समिति की पदाधिकारियों ने पुलिस कॉलोनियों में हर्षोल्लास से मनाया तीज पर्व

7 अगस्त, 2018 को दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक के नेतृत्व में अहाता किदारा पुलिस कॉलोनी में तीज पर्व पूरे हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाया गया। पुलिस परिवारों से जुड़ी लड़कियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना व भरतनाट्यम से तीज पर्व का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात हरियाणवी गीत, लोकनृत्य, एकल नृत्य, कृष्ण लीला व तीज खेल जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुलिस कॉलोनी की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत उत्साहवर्धक 'गिद्दा' सामूहिक नृत्य को श्रीमती सूचना पटनायक सहित समिति की सभी पदाधिकारियों ने काफी सराहा। इस मौके पर श्रीमती सूचना पटनायक ने कहा कि पुलिस परिवारों से जुड़ी महिलाओं और बच्चों के उत्साहवर्धन, मनोरंजन और परस्पर मेलजोल के लिए ऐसे कार्यक्रमों का समय समय पर आयोजित होना बहुत जरूरी है।





तीज पर्व का आनंद उठाती हुई समिति की पदाधिकारी गण



तीज पर्व पर आपसी सौहार्द की झलक

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण सत्र का समापन



7 अगस्त को ही अलीपुर रोड स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अपना प्रशिक्षण समाप्त करन वाले पुलिस परिवारों से संबंधित युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती ज्योति चहल, उपायुक्त पुलिस (कल्याण) श्री आसिफ मोहम्मद अली, टीम लीडर और समिति से जुड़ी अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थी। श्रीमती सूचना पटनायक ने नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से जुड़े डॉ0 आकर्षण को उनके सहयोग के लिए विशेष तौर पर धन्यवाद दिया और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों की हौसला–अफ़जाई की।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस परिवारों के बच्चों को सार्टिफिकेट वितरण समारोह के दौरान समिति की अध्यक्षा एवं अन्य पदाधिकारीगण



दिल्ली पुलिस की विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में भी मनाया गया 72वां स्वतंत्रता दिवस



72वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने भी दिल्ली पुलिस की विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में स्वतंत्रता दिवस मनाया और तिरंगा फहराया। पुलिस कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। चूंकि इस दिन अधिकांश पुलिस अधिकारी एवं कर्मी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद होते हैं और अपने बच्चों को किसी कार्यक्रम में शामिल नहीं करा पाते, इसीलिए समिति द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों में पुलिस परिवारों में उमंग और राष्ट्र भावना का संचार होता है।

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति के मार्गदर्शन में अहाता किदारा पुलिस कॉलोनी में स्वतंत्रता दिवस मनाते पुलिस परिवारों के सदस्य



द्वारका पुलिस कॉलोनी में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस परिवारों के नौनिहाल



मालवीय नगर पुलिस कॉलोनी में 72वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए समिति के पदाधिकारीगण एवं नौनिहाल



मॉडल टाउन पुलिस कॉलोनी



शालीमार बाग पुलिस कॉलोनी



नरेला पुलिस कॉलोनी



नई पुलिस लाईन



पीतमपुरा पुलिस लाईन



विकास पुरी पुलिस लाईन

हमें गर्व है अपने पुलिस पदक विजेताओं पर

72वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली पुलिस के 24 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी श्रेष्ठ एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित

वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित



उपायुक्त पुलिस
श्री संजीव कुमार यादव



सहायक पुलिस आयुक्त
श्री ललित मोहन नेगी



सहायक पुलिस आयुक्त
श्री हृदयभूषण



सहायक पुलिस आयुक्त
श्री रमेशचन्द्र लांबा



उप निरीक्षक
श्री सुखबीर सिंह

विशिष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित



विशेष पुलिस आयुक्त
श्री सतीश गोलचा




सहायक पुलिस आयुक्त
श्री राजेन्द्र सिंह यादव



सहायक पुलिस आयुक्त
श्री संदीप पाली

सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित



अति.आयुक्त पुलिस
श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह



अति.उपायुक्त पुलिस
श्री राजेन्द्र सिंह सागर



सहायक पुलिस आयुक्त
श्री बिजेन्द्र सिंह राय



सहायक पुलिस आयुक्त
श्री संजय दत्त



निरीक्षक
श्री विजय कुमार सिंह



निरीक्षक
श्री सर्वेश कुमार



उप निरीक्षक
श्रीमती अनिता कालिया



उप निरीक्षक
श्रीमती निर्मल कुमारी



उप निरीक्षक
श्री मोतीलाल



स.उप.नि.
श्री रामकिशन



स.उप.नि.
श्रीमती रजनी मलिक



प्रधान सिपाही
श्री रजनीश त्यागी



प्रधान सिपाही
श्री रामवीर सिंह



प्रधान सिपाही
श्री जयभगवान



प्रधान सिपाही
श्री गजेन्द्र सिंह



प्रधान सिपाही
श्रीमति अंजू संध्या मिंज

पुलिस मुख्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण समारोह आयोजित





72वें स्वतंत्रता दिवस की प्रातः पुलिस मुख्यालय प्रांगण में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे।

सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित हुए पुलिसकर्मियों के बच्चों की पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट

इस वर्ष सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित पुलिस परिवारों के बच्चों में से **इंस्पेक्टर प्रवीण यादव** के सुपुत्र **श्री अंकित यादव** व **हेडकां0 जसमेर सिंह** के सुपुत्र **श्री सुधीर कुमार** ने 8 अगस्त, 2018 को पुलिस मुख्यालय में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर **श्री सुधीर कुमार व श्री अंकित यादव** के माता–पिता भी उपस्थित थे। जबकि **एएसआई राजपाल सिंह** के सुपुत्र **श्री अंकित पन्नू** अपरिहार्य कारणों से पुलिस आयुक्त महोदय से भेंट नहीं कर सके। शिष्टाचार मुलाकात के उपरांत पुलिस आयुक्त, महोदय ने श्री सुधीर कुमार व श्री अंकित यादव को पुलिस स्मृति चिन्ह् भी भेंट करते हुए उनके उज्ज़वल भविष्य की कामना की।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित बच्चों एवं उनके अभिभावाकों को बधाई देते हुए कहा कि यह समस्त दिल्ली पुलिस परिवार के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर उन्होंने अपने लम्बे पुलिस कैरियर के अनुभव सांझा करते हुए बच्चों से कहा कि सिविल सर्विस परीक्षा उर्त्तीण करने के उपरांत अब आपका समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को पूरा करने की एक दूसरी परीक्षा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कामना करता हूँ कि इस प्रतिष्ठित सेवा में आप अपने सभी दायित्वों पर खरे उतरे और सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करें। पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि आप दिल्ली पुलिस परिवारों से जुड़े अन्य अभ्यार्थियों के सामने अनुकरणीय एवं प्रेरणात्मक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभावकों के साथ–साथ दिल्ली पुलिस का नाम भी रोशन करें।

इस वर्ष घोषित सिविल सर्विस परीक्षा परिणाम में पीसीआर में तैनात एएसआई राजपाल के सुपुत्र श्री अंकित पन्नू ने 31वां स्थान, अपराध शाखा में तैनात हेडकां0 जसमेर सिंह के सुपुत्र श्री सुधीर कुमार ने 42वां स्थान तथा निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के थानाध्यक्ष श्री प्रवीण यादव एवं द्वारका जिला के महिला अपराध प्रकोष्ठ में तैनात उप–निरीक्षक श्रीमती सत्तो देवी के सुपुत्र श्री अंकित यादव ने 191वां स्थान प्राप्त कर पुलिस परिवार का गौरव बढ़ाया है।



सिविल सर्विस परीक्षा में 42वां स्थान प्राप्त करने वाले श्री सुधीर कुमार अपने अभिभावकों के साथ पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त से भेंट करते हुए।



सिविल सर्विस परीक्षा में 191वां स्थान प्राप्त करने वाले श्री अंकित यादव अपने अभिभावकों के साथ पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त के साथ।

आग में फंसे दंपति को सकुशल बाहर निकालने वाले पुलिसकर्मियों के साहस और सूझबूझ को भीड़ के साथ-साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी खूब सराहा



22 अगस्त, 2018 को मध्य जिला के थाना पहाड़गंज इलाके में लगी आग में फंसे एक दंपति श्री बलराज चौधरी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गीता देवी को अपनी जान पर खेल कर सकुशल बाहर निकालने वाले तीन पुलिसकर्मियों को हेडकां0 मनोज, कां0 संदीप व कां0 अमित को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था,दक्षिणी परिक्षेत्र) श्री संदीप गोयल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना, उपायुक्त पुलिस श्री एम.एस.रंधावा, एसीपी श्री संजीव गुप्ता व पहांडगंज थानाध्यक्ष इंद्र कुमार झा भी उपस्थित थे। तीनों पुलिसकर्मियों के इस साहसिक कार्य की माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजने ने भी ट्वीट कर सराहना की है। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने इन पुलिसकर्मियों के साहसिक कार्य को देखते हुए हेडकां0 मनोज, कां0 संदीप व कां0 अमित को असाधारण कार्य पुरस्कार व नकद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह अपनी जान की परवाह किये बिना इन जाबांज पुलिसकर्मियों ने आग में फंसे दंपति की जान बचाई, वह एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि समाज में एक रक्षक की भूमिका निभाने वाले हर पुलिसकर्मी का फर्ज बनता है कि मुश्किल में फंसे हर शख्स की मदद के लिए सदैव तत्पर रहे। ऐसे जाबांज पुलिसकर्मियों की वजह से ही समाज में पुलिस की प्रोफेशनल इमेज़ और मान बढ़ता है।

कॉल पर गए एएसआई को गोली मार कर घायल करने वाले बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम के सदस्य पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 7 अगस्त, 2018 को पूर्वी जिला की एक पुलिस टीम को अपने कार्यालय में बुलाकर उनके काम की सराहना करते हुए शाबाशी दी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रवीन्द्र यादव, उपायुक्त पुलिस श्री पंकज सिंह, एसीपी (आईपीएस) श्री शोभित डी.सेक्सना, एसीपी (आईपीएस) श्री अंकित चौहान व टीम के सदस्य एसीपी श्री राकेश दीक्षित, इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर विदेश सिंगल, इंस्पेक्टर डी.पी.सिंह,एसआई. अबोध, एसआई योगेश, एसआई लवकेश, हैडकां0 सतीश, कां0 राजबीर, कां0 मनवीर,कां0 कैन्हया, व कां0 कपिल** उपस्थित थे। 26–27 जुलाई की रात थाना प्रीत विहार में तैनात एएसआई लोकेश एक गृहरक्षक के साथ कॉल अटेंड करने इलाके में गये थे। जब एएसआई लोकेश व गृहरक्षक सतीश मौके पर पहुंचे तो उन्होंने कुछ बदमाशों को एक मकान में छिपने का प्रयास करते देखा। एएसआई लोकेश द्वारा ललकारे जाने पर बदमाशों ने पिस्टल की बट से उनके सिर पर हमला कर दिया। घायल होने के बादजूद जब लोकेश ने गिरफ्त में आए बदमाश को नहीं छोड़ा तब दूसरे बदमाश ने लोकेश को गोली मार दी जो उसके कंधे में जा लगी। इसी दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर बदमाश मौके से फरार हो गये। बाद में उपरोक्त पुलिस टीम ने वारदात में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार करने में शानदार सफलता अर्जित की थी।

पुलिस आयुक्त ने 1.25 लाख व 25 हजार रुपये के दो ईनामी व भगोड़े बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली अपराध शाखा की टीम को सम्मानित किया



7 जुलाई, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय में अपराध शाखा की एक टीम को सम्मानित किया जिसने अच्छी सूझबूझ और साहस के साथ अपना कर्तव्य निभाते हुए दो ऐसे भगोड़े बदमाशों को गिरफ्तार करने में शानदार सफलता अर्जित की है, जिनकी गिरफ्तारी पर 1.25 लाख तथा 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ था। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार, उपायुक्त पुलिस डॉ0 राम गोपाल नायक के अलावा एसीपी श्री अरविंद कुमार, एसआई रवीन्द्र तेवतिया, एएसआई गुलबीर सिंह, एएसआई विष्णु भगवान, एएसआई पृथ्वी राज, एएसआई हाशिम, हेडकां0 रविन्द्र मलिक, हेडकां0 रवीन्द्र खोखर, हेडकां0 मोहम्मद तालिम, हेडकां0 अतेन्द्र, हेडकां0 गौरव तथा कां0 मोहित कुमार** भी उपस्थित थे। पुलिस टीम ने 19.06.2018 को गिरफ्तार किये गये एक कुख्यात बदमाश मुकेश गुर्जर के मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए उसी गिरोह में शामिल दो अन्य कुख्यात बदमाशों हिमांशु गुर्जर व विकास को भी गिरफ्तार करते हुए अपनी उच्च स्तर की पेशेवर कार्यप्रणाली को दर्शाया है।

अंतर्राज्यीय कुख्यात गिरोह सरगना और मोस्ट वांटेड बदमाश को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त द्वारा प्रोत्साहित किया गया

16 जुलाई, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने अपराध शाखा की टीम को एक अति वांछित और ईनामी बदमाश संकेत शर्मा उर्फ प्रवीण शर्मा को एक कड़े संघर्ष के बाद गिरफ्तार करने पर उनकी अच्छी सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा के लिए शाबाशी दी। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार, उपायुक्त पुलिस डॉ0 राम गोपाल नाइक के अलावा टीम के सदस्य इंस्पेक्टर विनय त्यागी, एसआई हवा सिंह, एएसआई सत्यवान, एएसआई राजकुमार, एएसआई मोहम्मत सलीम, हेडकां0 श्याम लाल, हेडकां0 सुनील कुमार तथा कां0 सुनील कुमार, कां0 कुलदीप व कां0 समीर भी उपस्थित थे। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि मुज्फ्फरनगर में हुए एक दोहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास सजायाफ्ता मुलज़िम निर्माण विहार, विकास मार्ग पर अपने किसी साथी से मिलने आ रहा है। पुलिस टीम मुखबिर सहित तत्काल मौके पर पहुंची और मुखबिर द्वारा इशारा मिलने पर 25 हजार रुपये के इस ईनामी बदमाश को दबोचने में सफल हुई। हालांकि संदेह होने पर इस बदमाश ने पिस्टल निकाल ली थी और धमकी देते हुए फरार होने का प्रयास किया। परन्तु पहले से ही सतर्क पुलिस टीम ने अभियुक्त द्वारा कड़ा संघर्ष किये जाने के बावजूद उसे धर–दबोचा।



पुलिस आयुक्त ने भारी मात्रा में अवैध हथियार, कारतूस व नकदी बरामद करने वाली पुलिस टीम को शाबाशी दी

6 जुलाई, 2018 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने उत्तर–पूर्वी जिला की एक पुलिस टीम को 25 अत्याधुनिक चाइना मेड पिस्टल मय 17 राउंड मैगजीन, 19 खाली मैगज़ीन, एक स्टार पिस्टल, 800 जिंदा कारतूस, एक लाख रुपये नकद एवं अपराध में प्रयुक्त एक फोर्च्यूनर कार बरामद करने पर शाबाशी देते हुए उनके काम को सराहा। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना, उपायुक्त पुलिस श्री अतुल कुमार ठाकुर एसीपी श्री गजेन्द्र सिंह के साथ–साथ टीम के सदस्य इंस्पेक्टर विनय यादव, एसआई जसवीर, एएसआई बिजेन्द्र, हेडकां0 अनिल, हेडकां0 सुनील,हेडकां0 सचिन, हेडकां0 इरफान, हेडकां0 धर्मेन्द्र, कां0 मोहित, कां0 परीक्षित, कां0 लोकेश, कां0 सुधीर व कां0 दीपक भी उपस्थित थे। 26 जून, 2018 को पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक वांछित अपराधी सलीम अहमद उर्फ पिस्टल अपने दो अन्य साथियों नसीम अहमद व मो0 फैजान के साथ फोर्च्यूनर कार में अवैध हथियारों के साथ सोनाली बॉर्डर से दिल्ली की तरफ आ रहा है। अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद करने में कामयाबी हासिल की।



दिन दहाड़े पिस्टल की नोंक पर 25 लाख रुपये मूल्य के विग लूटने वालों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त ने प्रोत्साहित किया

27 जुलाई, 2018 को नांगलोई इलाके में दिन–दहाड़े लगभग 100 किलो विग (बाल) लूटने की सनसनीखेज वारदात को सुलझाने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने पुलिस मुख्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी.उपाध्याय. संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री मधुप तिवारी, उपायुक्त पुलिस श्री सेजू.पी. कुरूविल्ला, एसीपी विनीत कुमार, इंस्पेक्टर सुनील कुमार, इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह, एसआई प्रेम यादव, एसआई पंकज सरोहा, एएसआई धर्मबीर, एएसआई गुलाब सिंह, हेडकां0 राजेश, कां0 रवि व कां0 आशीष उपस्थित थे। 27 जुलाई, 2018 की प्रातः नांगलोई थाने में सूचना मिली थी कि 3 बदमाश पिस्टल की नोंक पर विग बनाने के लिए रखे लगभग 25 लाख रुपये मूल्य के 118 किलो बाल व 30 हजार रुपये नकद लूट कर भाग गये है। पुलिस टीम के सदस्यों ने पीड़ित द्वारा बताये गये हुलिये और इलाके के संदिग्धों और अन्य संदेहास्पद बदमाशों के बारे में इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस सहित गहरी छानबीन की और कई दिनों के निरंतर प्रयास के बाद वारदात में शामिल बदमाशों तक पहुंचने में कामयाब हुई। पुलिस टीम ने लूटे गये 118 किलो बाल व वारदात में शामिल हथियार बरामद करने में भी शानदार सफलता अर्जित की।



पुलिस पिकेट पर फायरिंग करने वाले शार्प शूटर कपिल सांगवान (गिरोह सरगना) सहित 8 बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 10 अगस्त, 2018 को दक्षिण–पश्चिमी जिला के थाना वसंत कुंज (उत्तरी) की पुलिस टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अजय चौधरी, उपायुक्त पुलिस श्री देवेन्द्र आर्या** के अलावा टीम के सदस्य **एसीपी श्री रमेश कुमार, थानाध्यक्ष गगन भास्कर, इंस्पेक्टर राजेश मौर्या, इंस्पेक्टर राजेश कुमार, एसआई कुलदीप कुमार, एएसआई कृष्ण कांत, हेडकां0 विकास, हेडकां0 किशन, कां0 कर्मवीर, कां0 सुनील, कां0 दिनेश व कां0 अमरजीत** उपस्थित थे। इलाके में कारजैकिंग और लूटपाट की वारदातों को देखते हुए थाना वसंत कुंज पुलिस ने एक विशेष पिकेट लगाई थी। उसी दौरान एक संदिग्ध स्विफ्ट कार जिसमें अनेक आपराधिक वारदातों में शामिल कपिल सांगवान गिरोह के कई सदस्य सवार थे, को पुलिस टीम ने जब रोकने का प्रयास किया तो कार सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चलाकर मौके से फरार होने का प्रयास किया। पहले से ही सतर्क पुलिस टीम ने काफी जद्दोजहद के बाद ने शार्प शूटर कपिल सांगवान सहित आठ बदमाशों को मौके से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 देसी पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस, एक लूटी गई स्विफ्ट डिज़ायर कार, 2 स्कूटी व एक मोबाइल फोन बरामद किया। इनमें से दो बदमाश दिन दहाड़े हुई हत्या के प्रयास की सनसनीखेज वारदात में भी शामिल थे। गिरफ्तार हुए कपिल सांगवान गिरोह के ये सदस्य कुख्यात गिरोह सरगना मंजीत महाल गिरोह के प्रतिद्वंद्वी थे।

द्वारका इलाके में सेंधमारी, झपटमारी और कारजैकिंग में शामिल गिरोह को दबोचने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त की शाबाशी



10 अगस्त, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने द्वारका जिला की एक पुलिस टीम को इलाके में हो रही सेंधमारी, झपटमारी और कारजैकिंगकी वारदातों में शामिल गिरोह को दबोचने पर पुलिस मुख्यालय में बुलाकर शाबाशी दी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर. पी. उपाध्याय, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री मधुप तिवारी, उपायुक्त पुलिस श्री एंटो अल्फोंस, एसीपी राजेन्द्र कुमार, इंस्पेक्टर अशोक कुमार, एसआई राम प्रताप, एएसआई भीम सिंह व कां0 महेन्द्र सिंह** भी उपस्थित थे।

कर्तव्यनिष्ठ पीसीआर कर्मियों को विशेष पुलिस आयुक्त (परिचालन) ने सम्मानित किया



विशेष पुलिस आयुक्त (परिचालन) श्री एस.के.गौतम ने ड्यूटी के दौरान कर्तव्यनिष्ठा ओर बहादुरी का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने वाले तीन पीसीआरकर्मियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर **अति0 आ0पु0 श्री प्रेमनाथ व उपायुक्त पुलिस श्री एस.डी. मिश्रा** भी उपस्थित थे। 4/5 अगस्त की रात्रि पीसीआर वैन वी–10 बुराड़ी, संतनगर इलाके की भगत सिंह कॉलोनी में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान उन्होंने देखा कि कुछ बदमाश घर के बाहर खड़ी एक स्कूटी से बंधी चैन को तोड़कर उसे चुराने का प्रयास कर रहे है। पीसीआर वैन पर तैनात एएसआई अमर सिंह राणा व हैडकां0 ईश्वर ने जब इन बदमाशों को ललकारा तो उन्होंने एएसआई अमर सिंह पर पत्थरों से हमला कर दिया। बदमाशों ने एएसआई की आँख पर पत्थर मार कर स्वयं को छुड़ाने का भरसक प्रयास किया। परन्तु दोनों पुलिसकर्मियों ने कड़े संघर्ष के बाद दो बदमाशों को दबोच लिया।

श्रद्धांजलि

जून व जुलाई ,2018 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/यूनिटों में तैनात 34 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान भिन्न–भिन्न कारणों से मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गये अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भाव–भीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है। **जून माह में दिवंगत (18) पुलिसकर्मियों में शामिल है:–** एसआई तेजपाल सिंह, एसआई सुरेन्द्र कुमार व एएसआई भीम सिंह (पीसीआर), एएसआई लाल चंद (तृतीय वाहिनी), एएसआई दीना मणि (सतर्कता), एएसआई विजय कुमार (सातवी वाहिनी), एएसआई राकेश कुमार व हेडकां0 कर्ण सिंह (मध्य जिला), एएसआई राजपाल सिंह व एएसआई राज सिंह (दक्षिणी जिला), एएसआई सुरेश चंद (नई दिल्ली जिला), एएसआई गणेश दास कदर्म व कां0 पवन कुमार (उत्तर–पश्चिमी जिला), हेडकां0 राहित नेब (दक्षिण–पूर्वी जिला), हेडकां0 शशि कपूर (सुरक्षा), हेडकां0 जयकिशन (यातायात)। **जुलाई माह में दिवंगत (16) पुलिसकर्मियों में शामिल है:** इंस्पेक्टर गजराज सिंह (छट्टी वाहिनी), एएसआई संतोष कुमार, हेडकां0 अनिल कुमार, हेडकां0 सुगना राम मीणा, हेडकां0 विक्रम मानिक व कां0 सुखराम (सुरक्षा) एएसआई सुशील कुमार व हेडकां0 सरनजीत सिंह (आईजीआई एयरपोर्ट) एएसआई रमानाथन व एएसआई महाबीर सिंह (यातायात), एएसआई तेजसिंह (द्वारका), एएसआई प्राण कच्चप (पीसीआर), एमटीएस मोती लाल व एमटीएस जगत सिंह (मध्य जिला), कां0 संदीप कुमार (द्वितीय वाहिनी), हेडकां0 बाबू लाल (तृतीय वाहिनी) कां0 प्रदीप कुमार (उत्तर–पश्चिमी जिला), हेडकां0 अनिल कुमार (अपराध)।

31 अगस्त, 2018 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



अति0आयुक्त पुलिस (सुरक्षा) श्री बी.के.मिश्रा



अति0 उपायुक्त पुलिस (बाहरी जिला) श्री वीरेन्द्र सिंह

शुभकामनाएँ

माह मई व जून, 2018 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाइयों से 168 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त हुए सभी पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना करता है। **मई माह में सेवानिवृत्त 88 पुलिसकर्मियों में शामिल हैः–** एसआई विजय कुमार, एसआई राजबीर सिंह, एसआई विरेन्द्र सिंह, एसआई रोहताश सिंह, एसआई महेन्द्र सिंह, एएसआाई सोरण सिंह, एएसआई देशराज, एएसआई पूर्णमल, एएसआई हरपाल सिंह, एएसआई सुरेश कुमार, एएसआई भगवान सिह, एएसआई पूर्ण सिंह, एएसआई तथा अशोकन.ए (पीसीआर), एसआई राजेन्द्र सिंह (आईजीआई एयरपोर्ट), एसआई उधम सिंह (एसपीयूडब्लूएसी), इंस्पेक्टर अनिल कुमार यादव, एसआई एलक्जेंडर कुजूर, एसआई सुभाषचन्द, एसआई विनोद कुमार, एएसआई सुरेन्द्र कुमार, एएसआई रामस्वरूप मीणा, एएसआई रिछपाल सिंह (यातायात), महिला एएसआई संतरा देवी (रोहिणी जिला), एसआई देवेन्द्र सिंह, एसआई कर्मबीर सिंह, एसआई बिजेन्द्र सिंह कौशिक, एसआई रणबीर सिंह, एमटीएस सत्यनारायण, एमटीएस प्रदीप कुमार व एमटीएस धन सिंह (पीटीसी), इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार व एसआई रमीश करकेटा (एफआरआरओ) ,एसआई हमेंत कुमार लाकड़ा, एसआई सयैद मुज्जफर मोशिन, एसआई कैलाश चन्द व एएसआई रविन्द्र (दक्षिणी जिला) एएसआई धर्मबीर (बाहरी जिला) ,एसआई नरेश सिंह व एसआई रोहताश सिंह (स्पेशल ब्रांच), एसआई रामधारे, एसआई हरि सिंह, एसआई इकरामुद्दीन, एसआई राकेश कुमार, एसआई सुरेन्द्र सिंह, एसआई यशपाल सिंह, एसआई रोहताश सिंह, एसआई राजेन्द्र सिंह, एसआई रामकिशन, एसआई सत्यवीर सिंह, एएसआई रतन लाल, एएसआई ओमप्रकाश तथा एमटीएस कृष्ण लाल (सुरक्षा), एएसआई जगत सिंह (उत्तर–पूर्वी जिला) ,एएसआई बोदर लाल भाईजी व एमटीएस ओमप्रकाश (नई दिल्ली जिला), इंस्पेक्टर सतीश कुमार, एसआई मनोहर लाल सोलंकी व महिला एएसआई संतोष देवी (संचार शाखा), एएसआई रमेश कुमार व हैडकां0 कृष्णचंद . इंस्पेक्टर श्याम सुन्दर व एसआई बंगाली बाबू (पूर्वी जिला), एसआई अशोक कुमार व एसआई नरेन्द्र कुमार (पश्चिमी जिला), एसआई मन मोहन, एसआई प्रीत सिंह, एएसआई धर्मपाल, एएसआई जयप्रकाश, एएसआई ब्रहमचंद तथा एएसआई पाले राम (अपराध शाखा), एसआई प्रकाश चंद,एएसआई सुमेर चंद तथा एएसआई अरविन्द कुमार (उत्तरी जिला),एएसआई कैलाश चन्द्र मलिक (प्रथम वाहिनी), एमटीएस सुमेर सिंह (तृतीय वाहिनी), एसआई विश्वर कुजूर (चतुर्थ वाहिनी), एसआई बलदेव राज व एमटीएस ओमबीर सिंह (पांचवी वाहिनी), एसआई वासवा सवाई लाल, एसआई बाबूलाल, एसआई मोहम्मद यासिन, एसआई रामचन्दर व एएसआई सुरेश कुमार (सातवीं वाहिनी)।



एसीपी (रेलवे) श्री तेजपाल सिंह तोमर



पीआरओ ब्रांच से सेवानिवृत्त हुए इंस्पेक्टर महिपाल सिंह एवं एएसआई बालानाथ को शुभकामनाएं देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं उनके सहयोगीगण

जून माह में सेवानिवृत्त 80 पुलिसकर्मियों में शामिल है : इंस्पेक्टर यज्ञदत्त शर्मा, एसआई नरेन्द्र कुमार (पुलिस मुख्यालय),एएसआई यशपाल सिंह तथा एमटीएस हरीप्रकाश (ट्रैफिक), एसआई चरण सिंह (सातवीं वाहिनी), एसआई रमेश चंद मीणा, एसआई जोगेन्द्र सिंह, एसआई किशन लाल मीणा, एसआई हरभजन सिंह, एसआई वेदपाल सिंह, एएसआई सुरेन्द्र पस्सी, एएसआई धर्मबीर सिंह, एएसआई मोहन सिंह, एएसआई धीरेन्द्र सिंह, एएसआई चन्दर सिंह, एएसआई कृष्ण कुमार, एएसआई सतबीर सिंह, एएसआई राजबीर सिंह, हेडकां0 कर्म सिंह, हेडकां0 रघुवीर सिंह यादव (पीसीआर), एएसआई सुरेन्द्र पाल सिंह (मध्य जिला), इंस्पेक्टर सुमन कुमार शर्मा (मेट्रो), एसआई विनोद कुमार, एसआई हरीहर कौशिक व एएसआई धर्म सिंह (पांचवी वाहिनी), एमटीएस श्रीमती सरला देवी (प्रथम वाहिनी), इंस्पेक्टर मेहरबान अली, इंस्पेक्टर भान गंगा, एसआई राम प्रसाद मीणा, एएसआई विरेन्द्र सिंह (संचार), एसआई जयपाल सिंह, एसआई श्रीभगवान, एसआई परमेशर दयाल, एसआई बलजीत सिंह तथा एएसआई सतबीर सिंह, (रोहिणी जिला) एएसआई जगपाल सिंह, एएसआई बलराज सिंह देशवाल (उत्तर–पश्चिमी जिला), एसआई श्यादान सिंह (पूर्वी जिला), इंस्पेक्टर राधेश्याम शर्मा, एएसआई हर प्रसाद तथा एमटीएस बूटा राम (पीटीसी), एएसआई रमेश चंद (शाहदरा जिला), इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार शर्मा, एसआई नरेश सिंह, एसआई रमेशचंद, एसआई श्रीभगवान तथा एसआई विनोद कुमार (विशेष शाखा) हेडकां0 जयभगवान (बाहरी जिला), एसआई सुरेन्द्र सिंह (दक्षिण–पश्चिमी जिला), एएसआई नौबत सिंह (दक्षिण–पूर्वी जिला), इंस्पेक्टर उमेश कुमार, एसआई ओमप्रकाश, एसआई इकबाल सिंह तथा हेडकां. कर्ण सिंह (दक्षिणी जिला), एसआई बुद्ध देव, एसआई जयभगवान, एसआई हरीशचंद, एसआई जुहरूद्दीन, एसआई छतर सिंह, एसआई गंगाराम, एसआई बिजेन्द्र सिंह, एसआई ब्रिजभान सिंह, एसआई शाहिद अहमद, एएसआई कृष्ण वीर, एएसआई विजयपाल, एएसआई महेन्द्र सिंह, एएसआई जगबीर सिंह, हेडकां0 रतन सिंह, हेडकां0 राजबीर सिंह (सुरक्षा शाखा), एसआई राजपाल व एएसआई इस्लामूद्दीन (छट्टी वाहिनी), एमटीएम महाबीर (पश्चिमी जिला), एएअसई एम.टी. शिपरूश कुंजूर , एसआई जयकिशन, एएसआई यादराम तथा एएसआई अशोक कुमार (द्वारका), एसआई इन्दरपाल सिंह तथा एसआई जसबीर सिंह (पीएंडएल) तथा एसआई जसबीर सिंह व एसआई राजेन्द्र प्रसाद (उत्तर–पूर्वी जिला)।

31 जुलाई, 2018 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री आलोक कुमार



अति0आयुक्त पुलिस (यातायात) श्री भैरों सिंह गुर्जर



उपायुक्त पुलिस (प्रशिक्षण) श्री ज्ञानेन्द्र सिंह अवाना



एसीपी (भूमि एवं भवन) श्री गिरीश कुमार



एसीपी (दक्षिणी जिला) श्री आनंद कुमार



एसीपी (विशेष शाखा) श्री दुर्गा प्रसाद



एसीपी (पश्चिमी जिला) श्री जगजीत सिंह सांगवान



एसीपी (सतर्कता शाखा) श्री लक्ष्मीचंद यादव



एसीपी (लाइसेंसिंग शाखा) श्री रवीन्द्र कुमार



एसीपी (राष्ट्रपति भवन) श्री रमेश कुमार



एसीपी (मैट्रो) श्री रंजीत कुमार घेरा



सम्पादक : श्री राजीव रंजन, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।

सम्पादक

सह-सम्पादक

